# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 15.07.2026 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **सुप्रीम कोर्ट ने नौंवी कक्षा में तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने संबंधी नीति को चुनौति देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार, एनसीईआरटी और सीबीएसई से मांगा जवाब।**

2. **अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पिस्का और मुरी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य पूरा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 17 जुलाई को करेंगे लोकार्पण।**

3. **पुलिस मुख्यालय ने लापता और बरामदगी से संबंधित मामलों की निगरानी और अनुसंधान के लिए सभी जिलों को स्थायी मॉनिटरिंग सेल गठित कर रिपोर्ट देने का दिया निर्देश।**

4. **राज्यभर में रथ यात्रा महोत्सव कल से होगा शुरू, आज एकांतवास से बाहर लाकर भगवान जगन्नाथ के विग्रहों का किया जायेगा नेत्रदान।**

5. **झारखंड में मॉनसून की बारिश सामान्य स्तर से नीचे, पूरे राज्य में अबतक 41 प्रतिशत कम हुई बारिश, धान समेत खरीफ फसलों का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना।**

***********************

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनसीईआरटी और सीबीएसई से उन दो नयी याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जिनमें कक्षा नौंवीं के छात्रों के लिए दो भारतीय भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने संबंधी नीति को चुनौती दी गयी है। एक सप्ताह बाद अगली सुनवाई की तिथि तय की है।

**इधर, सीबीएसई** ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नयी भाषा नीति जारी की है। सत्र 2027–2028 से दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं होगी लेकिन स्कूल के इंटरनल असेस्मेंट में पास होना अनिवार्य होगा। इसमें फेल होने पर दसवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी नहीं किया जायेगा।

***********************

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रांची मंडल के पिस्का और मुरी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 17 जुलाई को दोनों स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे। गौरतलब है कि दोनों स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए इन स्टेशनों में विशेष सुविधाएं होंगी।

***********************

झारखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि विभागीय कार्यवाही में अंतिम दंड का आदेश पारित होने के बाद सिर्फ आपराधिक मामला लंबित होने पर किसी सेवानिवृत्त कर्मचारी की अंतिम पेंशन निर्धारण की प्रक्रिया रोकी नहीं जा सकती। न्यायाधीश दीपक रोशन की अदालत ने राज्य सरकार और महालेखाकार को छह सप्ताह के भीतर अंतिम पेंशन भुगतान का का निर्देश दिया।

***********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कल शाम रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मां की विधिवत पूजा–अर्चना की और झारखंड और देशवासियों के लिए खुशहाली मांगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा

कि मां छिन्नमस्तिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इतनी शक्ति दें कि उनके नेतृत्व में भारत 2047 तक दुनिया का सबसे सशक्त और विकसित राष्ट्र बने।

***********************

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर खूंटी बाइपास सहित झारखंड की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि खूंटी बाइपास के निर्माण से क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास होगा। इस दौरान परियोजना के लिए लंबित भूमि अधिग्रहण और वन स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

***********************

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने लापता और बरामदगी से जुड़े मामलों की निगरानी और अनुसंधान के लिए सभी जिलों में स्थायी मॉनिटरिंग सेल का गठन कर अनुपालन रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजने का निर्देश दिया है।

***********************

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम बोर्ड की तीन महीने से बैठक नहीं होने पर नाराजगी जतायी है। उन्होंने अपर नगर आयुक्त को पत्र लिखकर जल्द बोर्ड बैठक बुलाने और 16 अप्रैल को हुई पहली बैठक की कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराने की मांग की है। श्री राय ने कहा कि हर महीने कम–से–कम एक बैठक होना अनिवार्य है।

***********************

ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा महोत्सव कल से शुरू हो रहा है। इससे पूर्व आज भगवान के विग्रह को एकांतवास से बाहर निकाला जायेगा। इसी दिन शाम चार बजे से नेत्रदान उत्सव होगा। अगले दिन भव्य रथ पर सवार कर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों को मौसीबाड़ी ले जाया जायेगा। रथयात्रा तथा मेले के सफल आयोजन को लेकर कल डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन ने रथयात्रा मार्ग का संयुक्त निरीक्षण किया।

***********************

इस्कॉन जमशेदपुर की ओर से कल भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जायेगी। रथ यात्रा गोपाल मैदान, जुस्को गोलचक्कर, स्ट्रेट माइल रोड, केमिस्ट चौक और साकची बाजार चौक सहित विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। इस्कॉन के सदस्य ने बताया कि पिछले एक महीने से आयोजन की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं।

***********************

हजारीबाग जिले की बरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रसोईया धमना के पास कल विदेशी शराब से लदे एक ट्रक को जब्त किया। इस मामले में पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर ने दी।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 35 हजार 200 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 32 हजार रूपये प्रति किलो है।

***********************

झारखंड के सभी 24 जिलों में मौसम विभाग के अनुसार औसतन 41 प्रतिशत कम बारिश हुई है। कम बारिश वाले जिलों में सबसे अधिक प्रभावित गढ़वा, चतरा, कोडरमा, पाकुड़, देवघर और हजारीबाग हैं। हमारे चतरा संवाददाता ने बताया कि जिले में पिछले 14 दिनों में केवल 47 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

***********************